दिनांक 13 अक्टूबर 2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने कोसानाला कि निचली बस्तियों का किया निरीक्षण

भिलाई नगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने कोसानाला की निचली बस्तियों का निरीक्षण किया, नाला के आसपास क्षेत्र के रहवासियों से बारिश में होने वाली जलभराव की परेशानियों को लेकर चर्चा की और उन्हें आश्वस्त कराया की रिटेनिंग वॉल का निर्माण होने के पश्चात निचली बस्तियों में पानी नहीं भरेगा! महापौर श्री यादव ने जोन 1 के आयुक्त सुनील अग्रहरि से पूरे कार्य योजना की जानकारी ली और नाला के किनारे के क्षेत्रों का पैदल भ्रमण किया! महापौर ने कोसानाला के सभी विभागीय प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए! पूर्व में भी आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के साथ अधिकारियों ने संयुक्त विजिट किया हुआ है! कोसानाला शहर का महत्वपूर्ण नाला है। इस नाले में उफान आने से बारिश के दिनों में नीचली बस्तियों में पानी भर जाता है। इस वजह से बारिश के दिनों से हजारों परिवारों को बड़ी समस्या उठानी पड़ती है। विगत कई वर्षो से निचली बस्तियों के लोग इस समस्या से छुटकारा की मांग करते रहे हैं , ऐसे में अब भिलाई नगर विधायक व महापौर देवेंद्र यादव को जब इन लोगों की समस्या का पता चला तो उन्होंने नाले के विकास कार्य व सौंदर्यीकरण कराने की घोषिणा की और अब जल्द ही काम शुरू होने वाला है। भिलाई नगर विधायक व मेयर देवेंद्र यादव की पहल से जल्द कोसानाला में 17 करोड़ की लागत से रिर्टनिंग वाल बनाया जाएगा। साथ ही आसपास को सौंदर्यीकरण किया जाएगा। यही नहीं करीब 5 जगह पर पुल भी बनाएं जाएंगे। गत दिनों माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने ई लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम के माध्यम से करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया है। इसी के साथ ही अब मेयर देवेंद्र यादव के निर्देश पर निगम प्रशासन जल्द ही कोसानाल के विकास कार्य को शुरू करने की तैयारी में जुट गई है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा। जिससे आने वाले दिनों में शहर के नीचली बस्तियों के हजारो परिवारों को नाली का पानी गली में व लोगों के घरों में घूसने जैसी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा! कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि प्रियदर्शनी परिसर से लेकर मॉडल टाउन स्कूल के समीप पुल तक कोसानाला में रिटेनिंग वॉल एवं नाला का पक्कीकरण कार्य किया जाएगा। महापौर श्री यादव के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल कोसानाला का विकास एवं सौंदर्यीकरण बहुत जल्द ही शुरू किया जाएगा। इसके लिए विभागीय प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है निविदा भी मंगाए जा चुके हैं। मेयर देवेंद्र यादव ने कहा कि कोसानाला एक महत्वपूर्ण नाला है। इसका विकास होने से नीचली बस्तियों में पानी भरने की संभावना समाप्त हो जाएगी। आसपास के निवासियों के घरों में एवं क्षेत्र में जलभराव की नौबत नाला की वजह से नहीं आएगी और शहर का यह नाला सुंदर भी प्रतीत होगा। श्री यादव ने इसके विकास के लिए जल्द ही विभागीय कार्य करने के निर्देश दिए हैं , ताकि समय

पर लोगों को इसका लाभ मिल सके।

इन क्षेत्रों से होकर गुजरता है नाला कोसानाला भिलाई का सबसे पुराना नाला है। बीएसपी कंपनी से निकले वाला गंदा पानी, टाउनशिप का पूरा गंदा पानी बहकर भिलाईनगर रेलवे स्टेशन के कोसानाला में आकर मिलती है। और यहां से नाला कोसानगर होते हुए मॉडल टाउन , जुनवानी, खम्हरिया से होकर आगे जाती है। नाला की लंबाई करीब 5 किलोमीटर है। इस नालो को बीएसपी से निकले वाले गंदे पानी के शहर के बाहर बहाने के लिए बनाया गया था। सबसे बड़ा लाभ नीचली बस्तियों के लोगों को होगा। नाले में रिर्टनिंग वाल बनेगा तो नाली का पानी सीधे तेजी से आगे बढ़ेगा। इससे बस्तियों में पानी भरेगा। पानी की निकासी अच्छे से होगी। बस्तियों में पानी नहीं घूसेगी तो बीमारी भी नहीं फैलेगी। निरीक्षण के दौरान एल्डरमैन नरसिंहनाथ एवं शमशेर बहादुर सिंह , केशव चौबे प्रभाकर जनबंधु , प्रकाश गुप्ता, निगम के सहायक अभियंता सुनील दुबे , उप अभियंता अरविंद शर्मा , जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना एवं अन्य मौजूद रहे!